## संक्षिप्त समाचार

### महिला के अपहरण का प्रयास, विरोध करने पर गोली मारी

**एटा।** जिले के जसरथपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को सुबह की सैर पर निकली एक महिला के अपहरण का प्रयास किया गया और विरोध जताने पर गोली मार कर घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दहेलिया पूठ गांव निनवासी साधना मिश्रा द्ध40ऋ रोज की तरह मैनपुरी रोड पर टहलने निकली थी कि इस बीच कार सवार लोगों ने महिला को कार में खींचने का प्रयास किया। महिला द्वारा विरोध करने और शोर मचाने पर उसे गोली मार दी जो उसके बाएं कंधे पर लगी। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्धसीएचसीऋ अलीगंज लाया गया, जहां से उसकी हालत को गंभीर देखते हुए एटा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। घायल महिला ने बगल के नदराला गांव के प्रधान वारिस खान और उसके साले के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

### पेयजल को तरसे यात्री, कैंटीन पर विवाद, व्यवस्थाएं ठप

**शुकुल बाजार ।** थाना क्षेत्र शुकुल बाजार के सेवरा गांव के पास स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा-60 के निकट संचालित कैंटीन पर सोमवार को हुए विवाद के बाद यात्री सुविधाओं को लेकर सवाल उठने लगे हैं। भीषण गर्मी के बीच पेयजल की व्यवस्था न होने तथा महिला से कथित अभद्रता के आरोपों ने मामले को चर्चा का विषय बना दिया है।प्रत्यक्षदर्शी अभिषेक उपाध्याय और राहुल के अनुसार सोमवार सुबह करीब 11 बजे कैंटीन पर खाने-पीने के सामान को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इसी दौरान एक महिला के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। विरोध करने पर मौजूद लोगों से भी कहासुनी हुई।

### कस्बे के बीच मारपीट और फायरिंग से हड़कंप

**बाजारशुक्ल ।** दीवार तोड़कर कथित कब्जे के विवाद को लेकर रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब दो पक्षों के बीच विवाद के दौरान मारपीट और फायरिंग किए जाने का आरोप लगा। घटना से पूरे बाजार क्षेत्र में दहशत फैल गई। फायरिंग की सूचना मिलते ही कई दुक. ानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं, ग्राम भटपुरवा मजरे हरखूमऊ निवासी निर्मला पत्नी शिव कुमार शर्मा की तहरीर पर हरिओम सिंह उर्फ गोलू, अविनाश सिंह उर्फ हैप्पी सिंह, अश्वनी सिंह उर्फ लकी, प्रहलाद सिंह, लल्लू सिंह तथा दो अज्ञात व्यक्तियों पर मुकदमा दर्ज हुआ।

# बच्चों तुम पढ़ाई पर ध्यान दो: योगी

## जनता दर्शन कार्यक्रम में बोले सीएम: बाकी चीजें हम पर छोड़ दें, हम देख लेंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में पीड़ित लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से समय सीमा के अंतर्गत समस्याओं का निस्तारण करने के आदेश दिए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए लोगों से मुलाकात की, और उनकी समस्याएं सुनी उन्होंने अधिकारियों से फरियादियों के प्रार्थना पत्र पर उचित व शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



हापुड़ से एक बच्ची अपने अभिभावक के साथ आई थी। उसने अपने परिवार की माली स्थिति का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने पूछा कि किस क्लास में हो, इस पर बच्ची ने कक्षा-7 बताया और आगे की पढ़ाई में आने वाली बाधाओं का भी जिक्र किया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि घर जाओ और सिर्फ पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो। अभिभावक से कहा कि शिक्षित बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है। अधिकारी आपसे संपर्क करेंगे, आप बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने सुना और संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण समयसीमा के भीतर हो, विलंब होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही भी तय की जाए। सीएम योगी ने कुछ बच्चों से शिक्षा के बारे में भी पूछा और अभिभावकों से कहा कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें, क्योंकि पढ़ा-लिखा बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान हो। अधिकारी पूरी संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सभी को न्याय और हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो। जरूरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना शासन-प्रशासन का दायित्व है। मुख्यमंत्री के समक्ष राजस्व व पुलिस से जुड़े भी कुछ मामले आए।

# मजारों को लावारिस बताना धार्मिक भावनाओं को ठेस जैसा

**लखनऊ ।** आल इंडिया मोहम्मदी मिशन ने केजीएमयू के एक अधिकारी द्वारा दरगाह और मजारों को लेकर दिए गए बयान पर चिंता जताई है। मिशन के महासचिव स"यद बाबर अशरफ किछौछवी ने कहा कि मजारों को ह्लावारिसह्व बताना लाखों लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है इससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है।



उन्होंने कहा कि भूमि विवाद का मामला कानूनी प्रक्रिया में है और अदालत संबंधित पक्षों को कानून के अनुसार आगे बढ़ने का निर्देश दे चुकी है। ऐसे में किसी भी संस्था या अधिकारी द्वारा दरगाह और मजारों के संबंध में अधिकार जताने वाले बयान देना उचित नहीं है। सय्यद बाबर अशरफ ने कहा कि अब तक आल इंडिया मोहम्मदी मिशन या मखदूम शाह मीना फाउंडेशन को ऐसा कोई सरकारी आदेश या कानूनी दस्तावेज नहीं मिला है, जिसके आधार पर मजारों को हटाने या उन्हें लावारिस घोषित करने का अधिकार किसी संस्था को प्राप्त हो। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, विवादित बयानों का संज्ञान लेने तथा शहर की गंगा-जमुनी तहजीब, शांति और भाईचारे को बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की हैं।

# भतीजे के कोर्ट मैरिज विवाद में चाचा की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिले में भतीजे की कोर्ट मैरिज का विवाद खूनी हो गया। 12 दिन से चल रहे तनाव के बीच सोमवार तड़के चाचा तिलकधारी (55) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई।

परिजन का आरोप है कि भतीजे के ससुर ने सोते समय सिर पर चापड़ से वार कर मौत के घाट उतार दिया। रविवार को रातभर विवाद को सुलझाने के लिए पंचायत चली थी, लेकिन असफल रही। इस दौरान मसला खत्म होने की बजाय और बढ़ गया था। वारदात के बाद से हत्यारोपी फरार है। पुलिस ने मृतक के परिजन की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। घूरपुर थाना क्षेत्र के डेरा चकिया गांव निवासी तिलकधारी गांव में खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी, पांच बेटियां और दो बेटे हैं। पुलिस के अनुसार, 20 मई को गांव निवासी गंगा प्रसाद की बेटी सुहानी, तिलकधारी के भाई अर्जुन के बेटे शिवम के साथ चली गई थी। बाद में दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली। इस घटना के बाद दोनों परिवारों के बीच तनाव बढ़ गया था और कई बार विवाद की स्थिति बनी। हालांकि गांव के लोगों और रिश्तेदारों की पहल पर दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिशें भी चल रही थीं, लेकिन मनमुटाव खत्म नहीं हुआ था।

### बघेल बने माध्यमिक शिक्षा निदेशक

**प्रयागराज।** शासन ने बेसिक माध्यमिक शिक्षा विभाग में बड़ा बदलाव किया है। प्रताप सिंह बघेल को माध्यमिक शिक्षा निद. ेशक की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं अनिल भूषण चतुर्वेदी को बेसिक शिक्षा निदेशक बनाया गया है। माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-6 के विशेष सचिव कृष्ण कुमार गुप्त ने आदेश जारी करके इसकी जानक. ारी दी। प्रताप सिंह बघेल और अनिल भूषण चतुर्वेदी दोनों ही शिक्षा प्रशासन का व्यापक अनुभव रखते हैं। ऐसे में उनके अनुभव और नेतृत्व का लाभ विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, प्रभावी समन्वय तथा समयबद्ध अनुश्रवण में मिलने की उम्मीद है। अभी तक डाक्टर महेंद्र देव माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक थे। 31 मई को उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है।

# मेधावी बच्चे व सामाजिक कार्यकर्ता सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में रविवार को वीडीबी स्किल डेवलपमेंट सोसायटी के तत्वावधान में कला उत्सव-2026 दि लेजेंडस ऑफ दि स्टेज का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किये। इस दौरान मेधावी बच्चों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया।

मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान ने कला उत्सव-2026 षदि लेजेंड्स ऑफ दि स्टेजष सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। तदुपरान्त एमएलसी पवन चौहान ने मेधावी बच्चों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। पिछले 10 वर्ष से अंतरर्राष्ट्रीय





ओडिशी, भरतनाट्यम एवं कथक नृत्यांगना एवं गायिका बीना वर्मा लखनऊ के बच्चों का कौशल विकास कर रह रही हैं। इस कार्यक्रम में अलग- अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को ष्बीडीवी पीलर्स अवार्डष से सम्मानित किया गया। पत्रकारिता में नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान, शैलेन्द्र सिंह, बृजेन्द्र मौर्या, फिल्म प्रोडड्यूसर एवं एक्टर राजेश श्रीवास्तव, देवेन्द्र मोदी, बिजली विभाग के डायरेक्टर आरपी सिंह, मशहूर लोकगायिका कुसुम वर्मा, समाज सेविका शिखा सिंह, डा ओम सिंह, बीबी गोयल कुल मिलाकर 40 लोगों को सम्मानित किया गया। संस्था में पिछले 6-10 साल तक कार्यरत शैलेन्द्र, सुनीता, वैष्णवी, पवन, युवराज सहित 15 टीचरों को भी पुरस्कृत किया गया। कथक गुरु डा. रूची खरे एवं राम मोहन महाराज द्वारा कथक सीख रही अंशिका, अतरांशी, साक्षी, पलाक्षी, प्रज्ञा और अन्वी को भी पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान शुभम, ओम, श्रुति, रैना, रिद्धिमा ने सुगम संगीत का बेहतरीन प्रदर्शन किया। वहीं, बीना वर्मा ने कोई आया सखी फुलवरिया में, श्याम तेरी वंशी पेश किया। पवन ने गजल गाकर महफिल में समां बांधी। बच्चों के साथ उनके दादा-दादी को जब मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया तो सभी दर्शक रोमांचित हो गये।

# सपा ने मनाई अहिल्या बाई होलकर जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज के कुशमौरा गांव में लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की जयंती के अवसर पर बाबूलाल पाल की निजी भूमि पर अहिल्या बाई होलकर की एक भव्य मूर्ति का अनावरण किया।इस कार्यक्रम का आयोजन पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार पाल द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में सांसद मो. हनलालगंज आर0 के0 चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सी0 एल0 वर्मा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह, प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग राजपाल कश्यप, जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, पूर्व विधायक अम्बरीश सिंह पुष्कर, प्रदेश सचिव रंजीत यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनिल पासी, अर्चना रावत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी प्रसाद, जिला अध्यक्ष महिला सभा प्रेमलता यादव, पार्षद राम नरेश चौरसिया, एडवोकेट रामसमुझ रावत, इमरान खान, निर्तुल शर्मा, नवनीत सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, दल्लू सिंह, सुमन रावत, श्यामेन्द्र मिश्रा, समरपाल यादव, दिनेश यादव, राज किशोर रावत,राम सरोहान यादव, महादेव रावत अजीत साहू दिलीप यादव, हरिनाम यादव, राम सागर पासी, संदीप यादव, व्यापार सभा जिला अध्यक्ष संजय यादव,सुनील कुमार लोधी, ओंक. ार लोधी, अभिषेक यादव, अशर्फीलाल धीमन, हरिशंकर रावत, अनुराग पाल, विपिन पाल, मनीष यादव, संजय पाल, सतीश पाल,भोला लोधी, पुष्कर पाल, कुलदीप पाल, हरिश्चंद पाल,पप्पू पाल प्रधान दयालपुर , जितेंद्र पाल प्रधान दुलारामऊ , सोनू पाल ,अरविन्द यादव,शिव राज पाल प्रधान लवल, शेफर्ड अजय पाल, अभिषेक पाल, सुभाष पाल, अनुज पाल,अवशेष कश्यप, शम्भु पाल, अरविन्द पाल,नीरज पाल, सोनू पाल, नेता पाल, महेश पाल, रिंकू पाल, टिंकू पाल,संदीप रावत, राजेन्द्र लोधी आदि उपस्थित रहे।

### गोमती एक्सप्रेस का इंजन फेल, ढाई घंटे बाद रवाना हुई ट्रेन

**इटावा।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग स्थित इटावा जिले के भरथना रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह लखनऊ से नई दिल्ली जा रही गोमती एक्सप्रेस के इंजन में तकनीकी खराबी आ जाने से ट्रेन करीब ढाई घंटे तक खड़ी रही। बाद में दूसरे इंजन की व्यवस्था कर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। गोमती एक्सप्रेस सुबह लगभग 9:27 बजे भरथना रेलवे स्टेशन की अप मेन लाइन पर पहुंची थी। इसी दौरान इंजन में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण ट्रेन को रोकना पड़ा। सूचना मिलते ही रेलवे की तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और इंजन को ठीक करने का प्रयास किया।

# महंगाई का कोबरा अब एनाकोंडा बना: सुनील सिंह

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने बढ़ती महंगाई और बिजली बिलों में प्रस्तावित फ्यूल चार्ज वृद्धि को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि महंगाई का कोबरा अब धीरे-धीरे एनाकोंडा बनता जा रहा है, जो आम जनता, किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों और मध्यम वर्ग की आय को निगलता जा रहा है।



उन्होंने बिजली विभाग द्वारा बिजली बिलों में फ्यूल चार्ज में 10 प्रतिशत तक वृद्धि के प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा कि इससे आम उपभोक्ताओं, किसानों और छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। पहले से महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए यह फैसला परेशानी और बढ़ाने वाला है।लोकदल अध्यक्ष ने सरकार से महंगाई पर नियंत्रण करने, बिजली बिलों में प्रस्तावित फ्यूल चार्ज वृद्धि वापस लेने तथा किसानों को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

# एमएलएन के प्राचार्य ने चखा अस्पताल का भोजन

**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज एवं स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को प्रधानाचार्य डा. ए.के. वर्मा ने औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने मरीजों के लिए तैयार भोजन का स्वयं स्वाद चखकर उसकी गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पोषण स्तर का परीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य ने रसोईघर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और भोजन तैयार करने की प्रक्रिया, साफ-सफाई तथा खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य डा. मोि.



हत जैन, मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. जितेंद्र शुक्ला, डा. अभिषेक प्रताप सिंह, डा. अनिल सिंह, डा. सूर्यकांत ओझा, डा. अमित सिंह, मुख्य आहार विशेषज्ञ कौशन जहां सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आप सांसद संजय सिंह ने किया प्रतियोगी छात्रों से संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सर्किट हाउस में प्रतियोगी छात्रों से आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह संवाद कर रहे थे। इसी दौरान वहां एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा और डीसीपी नगर मनीष कुमार शांडिल्य भारी पुलिस बल के साथ और सांसद से किनारे चलकर बात करने को कहा। जिसे लेकर अधिकारियों और श्री सिंह के बीच जमकर नोकझोंक हुई।

सांसद संजय सिंह अपनी जगह से नहीं हिले। उन्होंने कहा कि क्या मैं कानून व्यवस्था भंग कर रहा हूं, जो आप मुझे रोकने आए हैं। आपको सर्किट हाउस के अंदर आने का अधिकार ही न हीं है।

अगर में सार्वजनिक स्थान या सड़क पर कोई कार्यक्रम करता तो आप एक बार रोक सकते थे। कहा कि आप सांसद के अधिकारों का हनन करना चाहते हैं। इसकी शिकायत मैं प्रिविलेज कमेटी से करूंगा। एडीएम सिटी के सभागार में पहुंचने के दौरान बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सांसद संजय सिंह ने एडीएम और डीसीपी से कहा कि सर्किट हाउस आपकी निजी प्रापर्टी नहीं है। यह जनता के पैसे से बना है। बंद कमरे में क्या हो रहा है यह देखना आपका काम नहीं है। यहां पर कोई देश विरोधी बात हो रही है क्या। यहां परीक्षाओं में पेपर लीक पर चर्चा हो रही है। क्या लोकतंत्र में इस पर बात करना गुनाह है। यह पहली बार देख रहा हूं कि प्रशासन



कह रहा है कि पेपर लीक पर बात मत करिए। लाखों छात्रों का जीवन बर्बाद हो रहा है और बात नहीं की जाएगी।

# नवीन संग्रहालयों की स्थापना को धनराशि जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** उप्र संग्रहालय निदेशालय के अधीन निर्माणाधीन नवीन संग्रहालयों की स्थापना विकास एवं क्यूरेशन कार्य के अंतर्गत माह अप्रैल, 2026 तक कार्यदायी संस्थाओं द्वारा आगणन के सापेक्ष आवश्यक धनराशि की प्रथम किश्त जारी कर दी है।

यह परियोजनाएं वाराणसी, फिरोजाबाद, देवरिया, लखनऊ, झांसी, कुशीनगर में संचालित की जा रही हैं। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए गए है कि परियोजनाओं के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। अधोमानक अथवा घटिया सामग्री का प्रयोग पाए जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि वाराणसी में मुंशी प्रेमचंद स्मृति संग्रहालय एवं पुस्तकालय, लमही के आंत. रिक साज-सज्जा एवं क्यूरेशन आदि कार्यों के लिए 260 लाख रूपये की धनराशि पहली किश्त के रूप में अवमुक्त की गई है। कार्यदायी संस्था द्वारा परियोजना के संबंध में



अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार जनपद फिरोजाबाद में ग्लास म्यूजियम के क्यूरेशन कार्य के लिए 440.54 लाख रूपये की धनराशि अवमुक्त की गई है। इसी प्रकार देवरिया जनपद में मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अंतर्गत राजकीय आस्थान पुरानी कचहरी की भूमि पर शहीद स्व0 रामचन्द्र विद्यार्थी स्मृति स्थल विकास, क्यूरेशन कार्य तथा आंतरिक साज-सज्जा के लिए 30 करोड़ रूपये की धनराशि जारी की गई है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि संग्रहालयों के सदृढ़ीकरण, नवीनीकरण एवं उच्चीकरण योजना के अंतर्गत लखनऊ संग्रहालय में क्यूरेशन एवं समन्वित विकास चिल्ड्रेन गैलरी विभिन्न गतिविधियों, वर्कशाप, लैंडस्केप तथा उच्चीकरण आदि के लिए 198.13 लाख रूपये की धनराशि अवमुक्त की गई है। इसी प्रकार जनपद झांसी के राजकीय संग्रहालय की स्थापना, विकास एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 03 करोड़ रूपये की धनराशि अवमुक्त की गई है। कार्यदायी संस्था द्वारा इस धनराशि से अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा जनपद कुशीनगर राजकीय बौद्ध संग्रहालय के सौंदर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, विकास आदि के लिए 1500 लाख रूपये की धनराशि अवमुक्त की गई है। जयवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ राज्य संग्रहालय परिसर में स्थित ओल्ड कोठी में कैफेटेरिया एवं कोठी के एक्सटेंशन भाग में नवनिर्मित लाइब्रेरी की स्थापना के लिए 459.1 लाख रूपये की धनरा. शि अवमुक्त की गई है। इसके अलावा राज्य संग्रहालय लखनऊ भवन के बेसमेंट कक्षों के सुदृढ़ीकरण एवं आधु. निक स्टोरेज सिस्टम की स्थापना के लिए चालू वित्तीय 2026-27 में 460.49 लाख की धनराशि जारी की गई है।



**लखनऊ ।** बौद्ध शोध संस्थान, गोमती नगर में एवार्ड काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभावों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले महानुभावों में मुख्यत: प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा एम अग्रवाल, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री नटवर गोयल, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सुधाकर त्रिपाठी, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री संदीप बंसल, उपाध्यक्ष सिंधी अकादमी नानक चंद लखमानी जी, प्राचार्य आई टी कालेज नीरजा मसीह, महेश नमकीन वासुदेव चावला, प्रसिद्ध कवि डाव सर्वेश अस्थाना, प्रबंधक सेंट मीराज़ कालेज विनोद रात्रा, प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डाव विक्रम आहूजा, अध्यक्ष क्रीडाई पीके श्रीवास्तव, चित्रकला कलाकार राखी पोद्दार, पंछी पेठा के सुभाष गोयल, कैंसर रोग विशेषज्ञ डा नफीस अहमद सिद्दीकी, अध्यक्ष, उप्र राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद हरि किशोर तिवारी, प्रसिद्ध कवि अर्थव आर्य, विज्ञापन डिजाइनर तपेंद्र दत्ता, सतीश अग्रवाल को सम्मानित किया। इस अवसर पर समाज सेवी मुकेश श्रीवास्तव एवं संयोजक सुभाष भल्ला उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# त्रिपाठी परिवार को किया एक सप्ताह में तीन बार रक्तदान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** गिरीश बाबू शर्मा स्टेनो डीआरएम आफिस और हर्षदीप सिंह पुत्र जगजीत सिंह संयोजक ब्लड डोनेशन संस्था ने ओम त्रिपाठी के परिवार में रिलेटिव को एक सप्ताह में दूसरी बार मिलाकर कुल 03 यूनिट ब्लड डोनेट किया।

हमारी संस्था किसी भी धर्म, जाति से परे है आवश्यकता पड़ने पर पड़ने पर किसी भी जरूरत मंद को रक्त दान किया करती है, हमारी संस्था इन रक्तवीर का सम्मान करती है।हम भविष्य में भी आपके इस जीवन प्रदायिनी रक्त दान के प्रयास की अपेक्षा रखते हैं। आप के द्वारा दिए गए रक्त दान,हम प्रार्थना करते हैं भगवान से अपनी पूरी संस्था की तरफ से की भगवान पीड़ित/पीड़िता जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ हो । इसलिए लोग हमारी स्काउटिंग संस्था और एन.आर.एम.यू. यूनियन पर विश्वास करते हैं। इसलिए हम हर मैसेज में सभी से प्रार्थना करते हैं कि वे रक्त दान करें। हमारी स्काउटिंग संस्था एवम् हमारी एन.आर.एम.यू. यूनियन पर लोग विश्वास करते हैं।

इसलिए हम हर मैसेज में सभी से प्रार्थना करते हैं कि रक्त दान करें।आज के युग में रक्तदान ही महादान है।

# डंपर से कुचलकर मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिले के यमुनापार के मेजा थाना क्षेत्र के भटौती स्टोन क्रशर प्लांट में सोमवार तड़के 3 बजे एक डंपर से कुचलकर मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद कर्मचारी उसे स्वरूपरानी नेहरू जिला अस्पताल लेकर भागे।

जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के धरावल गांव के रहनेवाले कौशलेश (22) भटौती क्रशर प्लांट में काम करते थे। कौशलेश के परिवार में पिता रामबाबू और मां विटोला देवी और तीन भाई-एक बहन हैं। दोनों भाइयों और बहन की शादी हो चुकी है। कौशलेश की शादी अभी नहीं हुई थी। कैशलेश के पिता मजदूर हैं। कौशलेश माता-पिता के साथ ही रहते थे। रोज की तरह ही कैशलेश को रविवार की सुबह 8 बजे फोन कर काम पर बुलाया गया था। इसके बाद वह प्लांट पर पहुंचे। इस बीच उनकी परिवार से कोई बातचीत नहीं हुई। सोमवार की सुबह करीब 3 बजे बेकाबू डग्गामार डंपर से कुचलने से उनकी मौत हो गई। डंपर ढलान के रास्ते खदान के अंदर जा रहा था। इस दौरान पैदल चल रहे कौशलेश उसकी चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद घटनास्थल पर मौजूद कर्मचारी बिना परिवार को सूचना दिए ही कौशलेश को जिला अस्पताल स्वरूपरानी नेहरू लेकर चले गए। जहां जांच के बाद डाक्टर ने उनके मौत की पुष्टि की। रात भर कर्मचारी अस्पताल में बैठे रहे। सुबह करीब 8 बजे उन्होंने कौशलेश के चाचा शिवबाबू को फोन कर कौशलेश के मौत की सूचना दी। सुबह जब परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्होंने देखा की हादसे की जगह को पानी से साफ किया गया था। जिससे खून के धब्बे दिखाई ना दें। लेकिन वह पूरी तरह साफ नहीं था। जिससे कुछ धब्बे नजर आ रहे थे। हादसे के बाद सभी कर्मचारी घटनास्थल से भाग निकले। जब हादसा हुआ तो परिवार को क्यों नहीं बताया।

## शराब ठेके में चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी।** पुलिस ने थाना क्षेत्र की आदर्श पुलिस चौकी सराय गोपी में शुक्ल बाजार इन्हौना सड़क मार्ग पर स्थित अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों पर हुई चोरी की घटनाओं का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। इस कार्रवाई में दो बदमाशों की गिरफ्तारी कर बड़ी मात्रा में चोरी की गई शराब, नकदी और अन्य सामान बरामद किए गए हैं।पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरोह के मुख्य सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई शराब, नकदी बरामद की गई है गिरोह का मुख्य सरगना दुकानों की दीवार में सेंध लगाकर या शटर तोड़कर वारदात को अंजाम देते थे।

## एक नजर

### ढाई साल के पुत्र को छीनकर विवाहिता को घर से निकाला, ताला तोड़कर विवाहिता घर में घुसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दहेज में ऑल्टो कार 5 लाख की मांग को लेकर एक विवाहिता को मारपीट और उसके ढाई साल के पुत्र को छीनकर घर से निकाल दिया गया। सोमवार को विवाहिता घर का ताला तोड़कर घर में जा पहुंची। इस दौरान बस्ती के लोगों की खासी भीड़ जमा हो गई।

कस्बे के बहोर नगला रोड पर रहने वाली कशिश वर्मा की शादी 3 साल पहले बस्ती के ही अजय वर्मा के साथ हुई थी। आरोप है कि उसे ऑल्टो कार और 5 लाख की मांग को लेकर उसे ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा था। बताया जाता है कि इसी दौरान उसने एक पुत्र को जन्म दिया जिसकी उम्र करीब ढाई साल है। आरोप है कि एक सप्ताह पहले दहेज लोभियों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर उसके ढाई साल के पुत्र को छीनकर घर में ताला जड़ फरार हो गए थे। इस मामले की विवाहिता को पुलिस को तहरीर देकर पुत्र को दिलवाए जाने की गुहार लगाई थी, लेकिन पुलिस ने उसे बैरंग लौटा दिया था। आज सोमवार को विवाहिता अपनी ससुराल जा धमकी, उसने घर के गेट पर लगा ताला तोड़कर घर में जा पहुंची। दोपहर बाद जब इसकी जानकारी उसके ससुराल के लोगों को लगी तो वह भागे भागे घर पहुंचे, और विवाहिता ने घर से बाहर निकालने पर अड़े हुए थे। बताया जाता है कि विवाहिता की सास की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस जांच में जुटी है।

### अस्पताल में जिंदगी की जंग हार गए लालाराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र में सरजू कट के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो दिन पहले हुए सड़क हादसे में घायल साइकिल सवार बुजुर्ग की सोमवार शाम उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार गांव ठिरिया खेतल निवासी 50 वर्षीय लालाराम दिवाकर पुत्र मैकू लाल शनिवार को कस्बे से साइकिल द्वारा अपने गांव लौट रहे थे। बताया गया कि वह बैंक से रुपये निकालकर वापस घर जा रहे थे। सरजू कट पर राष्ट्रीय राजमार्ग पार करते समय बरेली की ओर से तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी थी।हादसे में लालाराम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान उनकी हालत लगातार गंभीर बनी रही और सोमवार शाम उन्होंने दम तोड़ दिया।मृतक लालाराम अपने पीछे पत्नी जसोदा देवी, पुत्री राजनी और सीमा तथा पुत्र राहुल और हिमांशु को छोड़ गए हैं।उधर सूचना पर अस्पताल पहुंच पुलिस ने शव का पंचायत नामाभर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने शव का पंचायत नामाभर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### मारपीट की अलग-अलग तीन घटनाओं में नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र में सोमवार को मारपीट की तीन अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।दिवना गांव में सोमवार दोपहर ऐवरन कुमार के मकान की दीवार में ट्रॉली टकराने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि शोभरन पक्ष की ट्रॉली दीवार से टकरा गई। विरोध करने पर शोभरन, वीरेंद्र और वेदप्रकाश निवासी दिवना ने गाली-गलौज करते हुए ऐवरन कुमार को लाठी-डंडों से पीट दिया। मारपीट में ऐवरन घायल हो गए। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दूसरी घटना नगरिया कल्यानपुर गांव की है, जहां बंटवारे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि रहीश, नईम और अमरूद्दीन ने राशिद के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर पहुंचे परिजनों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।तीसरी घटना गांव सैंजना की गौंटिया में हुई। यहां पैसों के लेनदेन को लेकर संजू गुप्ता और रवि के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर रवि, राजवीर और सुनील ने गाली-गलौज करते हुए संजू गुप्ता के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने घायल की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस का कहना है कि सभी मामलों की जांच की जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डिवाइडर से टकराई बाइक पुल से नीचे गिरा बाइक सवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर माधौपुर ओवरब्रिज पर सोमवार को एक बड़ा हादसा हो गया। ग्राम जाम निवासी हिमांशु पुत्र प्रमोद अपनी बाइक से मीरगंज से बरेली की ओर जा रहा था। इसी दौरान ओवरब्रिज पर उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि हिमांशु पुल के बीच बने गैप से नीचे जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को एम्बुलेंस से उपचार के लिए बरेली भेजा गया। अस्पताल में उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया है।

### अग्नि पीड़ितों के घर पहुंचे भाजपाई, सौंपी राहत सामिग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सोमवार को क्षेत्र के गांव डंडिया सफदर अली पहुंचे भाजपा नेताओं ने अग्नि पीड़ितों को राहत सामिग्री सौंपी। राहत सामिग्री पाकर पीड़ितों ने उनकी खूब प्रशंसा कर दुआएं दी।ब्लॉक क्षेत्र के गांव डंडिया सफदर अली के रहने वाले सगे भाइयों धर्मपाल वर्मा और उमाचरन वर्मा के घरों में एक दिन पहले शाम के समय आग लग गई थी, जिसमें दोनों परिवारों का सारा सामान जलकर राख हो गया था। जानकारी मिलने पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भाजपा की जिला मंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार अपने आपको नहीं रोक पाए, और सोमवार को अपने समर्थकों के साथ सारा घरेलू सामान लेकर गांव जा धमके। गांव पहुंचे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भाजपा की जिला मंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने अग्नि पीड़ितों के घर जाकर उन्हें समस्त जरूरत की सामग्री सौंपी। भाजपा नेताओं ने दोनों परिवारों को कंबल भी सौंपे। भाजपा नेताओं ने उनका आवास बनवाए जाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने तहसील प्रशासन को जल्द से जल्द आपदा के तहत रिपोर्ट ब्लॉक कार्यालय को भेजे जाने को कहा है, जिससे इन अग्नि पीड़ितों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटित कराया जा सके।

# अवैध कब्जे के विरोध पर मारपीट दो मामलों में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र में मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना में गांव बहादुरपुर निवासी बलबीर ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि रविवार शाम उसकी आवासीय भूमि पर गांव का ही छेदालाल लकड़ी और घास-फूस रखकर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहा था। विरोध करने पर छेदालाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर बलबीर के साथ लाठी-डंडों तथा लात-घूंसों से मारपीट की। घटना में बलबीर घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सोमवार को मुकदमा दर्ज कर घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया।दूसरी घटना में थाना मिलक, जनपद रामपुर के गांव गंगापुर सरकी निवासी दूध विक्रेता नाजिम ने पुलिस को बताया कि रविवार रात करीब दस बजे वह चकदाह गांव से दूध बेचकर वापस अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में चकदाह निवासी अली मोहम्मद, भगौतीपुर निवासी इमरान तथा तारा चंद ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित नाजिम की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

# मेधावियों के सम्मान से गूंजा मिशन ग्लोबल एकेडमी परिसर

**विधायक अताउर्रहमान ने मेधावियों का किया सम्मानित**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रिछा।** क्षेत्र के मिशन ग्लोबल एकेडमी सिंधौरा में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेधावियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अताउर्रहमान और विद्यालय के संरक्षक आर.के. सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। सम्मान समारोह में विद्यालय के टॉपर छात्र-छात्राओं माहिरा, यासिर, लीजा महीन, दीप्ति, कनिष्क आर्य, अरशद, अदीबा, मदीहा, रवि गंगवार और उरूषा को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सम्मानित किया गया। वहीं समर कैंप में प्रतिभाग करने वाले खुशी, काजल शर्मा, संध्या, आरोही शर्मा, कायनात, दिशा, सुरभि, श्रेष्ठ और मानवी समेत अन्य छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित कर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि विधायक अताउर्रहमान ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने तथा देश और समाज के विकास में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

विद्यालय के संरक्षक आर.के. सक्सेना ने कहा कि छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा और क्षमता का पूरा उपयोग करना चाहिए। निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच से ही उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है।

विद्यालय के प्रबंधक जितेन सक्सेना ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य बी.के. कश्यप ने किया। इस दौरान निदेशक अमित देओल, उपप्रधानाचार्य मोबिन मलिक, मोहम्मद असलम, सिदरा खान, शाजिया नाज, रुचि मिश्रा, कहकशा अंसारी, राजपाल सैनी, रामेंद्र पाठक, संजय सक्सेना, हरीश कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

**डीजे, आकर्षक झांकियों और जयघोष से गूंजा नगर, सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहा भारी पुलिस बल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती सोमवार को नगर में श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा में डीजे, आकर्षक झांकियां और लोकमाता के जयघोष लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर लोकमाता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

शोभायात्रा का शुभारंभ रामलीला मैदान से हुआ। इसके बाद जुलूस नैनीताल रोड, कोतवाली चौराहा, ट्रक यूनियन और फोरलेन मार्ग से होते हुए नगर के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण करता रहा। यात्रा के दौरान श्रद्धालु लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों और उनके योगदान का गुणगान करते नजर आए। पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। इस दौरान वक्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, संघर्ष और समाजहित में किए गए कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर एक न्यायप्रिय, दूरदर्शी और जनकल्याणकारी शासिका थीं। उनके द्वारा किए गए विकास कार्य और समाज सेवा के आदर्श आज भी लोगों को प्रेरणा प्रदान करते हैं। शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियों ने लोकमाता के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को प्रदर्शित किया, जिन्हें देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर लोगों की भीड़ उमड़ी रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। यात्रा के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए लोकमाता के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# केसर चीनी मिल की जमीन की नीलामी पर किसान यूनियन ने उठाए सवाल

**150 करोड़ की संपत्ति को 28.05 करोड़ में बेचना किसानों के साथ अन्याय, नीलामी रद्द करने की मांग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष बलजिंदर सिंह मान ने सोमवार को बहेड़ी में आयोजित प्रेस वार्ता में केसर चीनी मिल की जमीन की नीलामी प्रक्रिया पर कड़ा विरोध जताया। उन्होंने नीलामी को विवादित बताते हुए शासन और सत्ताधारी नेताओं पर मिलीभगत का आरोप लगाया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि करीब 150 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति को मात्र 28.05 करोड़ रुपये में नीलाम किया जाना गंभीर जांच का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीलामी प्रक्रिया पारदर्शी नहीं रही, और कुछ चुनिंदा लोगों से औपचारिक बोली लगवाकर जमीन को औने-पौने दामों में बेच दिया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन नीलामी प्रक्रिया के विरोध में नहीं है, बल्कि नीलामी में कथित धांधली के खिलाफ आवाज उठा रही है। उनका कहना था कि यदि संपत्ति का वास्तविक मूल्य प्राप्त नहीं होगा तो किसानों का वर्षों से लंबित भुगतान प्रभावित रहेगा और उनका बकाया यथावत बना रहेगा। बलजिंदर सिंह मान ने मुख्यमंत्री और मंडलायुक्त से मांग करते हुए कहा कि वर्तमान नीलामी को तत्काल निरस्त किया जाए, तथा खुले और पारदर्शी तरीके से दोबारा नीलामी कराई जाए, जिससे संपत्ति का उचित मूल्य मिल सके और किसानों के हित सुरक्षित रह सकें।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो किसान यूनियन इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर तक उठाएगी, और मंडलायुक्त से मिलकर अपना विरोध दर्ज कराएगी। प्रेस वार्ता में अजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, योगेश पाल सिंह, अमर पाल सिंह सहित किसान यूनियन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बहेड़ी किसान सेवा केंद्र के लकी ड्रा में निकले विजेता सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने बांटे पुरस्कार



**मोटरसाइकिल, वाशिंग मशीन समेत कई आकर्षक उपहार पाकर खिले विजेताओं के चेहरे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नरायन नगला रोड स्थित किसान सेवा केंद्र (आईओसीएल डीलर) पर सोमवार को भव्य लकी ड्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरेली के लोकप्रिय सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार मौजूद रहे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर शुभकामनाएं दीं।

लकी ड्रा योजना 25 दिसंबर 2025 से एक जून 2026 तक संचालित की गई थी। इस दौरान ग्राहकों के लिए मोटरसाइकिल, वाशिंग मशीन, फिटनेस उपकरण समेत कई आकर्षक पुरस्कार रखे गए थे। ड्रा में मोटरसाइकिल के विजेता नरायन नगला निवासी भूपेंद्र गंगवार बने। वहीं वाशिंग मशीन का पुरस्कार वहीपुर निवासी नवाब अंसारी को मिला।

फिटनेस उपकरण का पुरस्कार पंजाबी कॉलोनी बहेड़ी निवासी लवी कुमार को प्रदान किया गया। इसके अलावा अन्य कई विजेताओं को भी विभिन्न पुरस्कार वितरित किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्राहकों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने विजेताओं को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, उप जिला अध्यक्ष राहुल साहू, गन्ना समिति के वाइस चेयरमैन नरेंद्र सिंह, पेट्रोल पंप स्वामी चौधरी आजाद सिंह, ज्ञानेंद्र गंगवार, सम्राट सिंह, सुनील रस्तोगी, प्रेमवीर सिंह, धर्मवीर सिंह, विराज चौधरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शादाब मुनीम (एलआईसी) ने किया।

# आजाद हिंदू सेना ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन कानून-व्यवस्था और गोवंश संरक्षण के मुद्दे उठाए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आजाद हिंदू सेना एवं राष्ट्रीय सेवा संघ के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर प्रदेश में हाल के दिनों में हुई हत्या की घटनाओं, गोवंश से जुड़े मामलों तथा हिंदू संगठनों के प्रति पुलिस-प्रशासन के कथित व्यवहार पर चिंता व्यक्त की है।

ज्ञापन में संगठन की ओर से कहा गया है कि होली पर्व के दौरान हुई कुछ हत्या की घटनाओं से समाज में आक्रोश और चिंता का माहौल बना है। संगठन ने इन मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि अपराधियों पर सख्त कदम उठाए जाने चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके अलावा ज्ञापन में बरेली के बारादरी क्षेत्र में गोवंश एवं नवजात बछड़े के अवशेष मिलने की घटना का उल्लेख करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। संगठन का आरोप है कि मामले की सूचना देने वाले गो-रक्षकों के साथ पुलिस अधिकारियों द्वारा अनुचित व्यवहार किया गया। इस संबंध में वायरल वीडियो की जांच कर दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग भी की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि गो-रक्षा और जनजागरण के क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक संगठनों को कई बार प्रशासनिक सहयोग नहीं मिल पाता, जिससे उनके कार्य प्रभावित होते हैं। संगठन ने प्रशासन और सामाजिक संगठनों के बीच बेहतर समन्वय एवं संवाद स्थापित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की।

साथ ही, बरेली में एक व्यक्ति पर हुए जानलेवा हमले का उल्लेख करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन के अंत में संगठन ने मुख्यमंत्री से प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा सभी संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। ज्ञापन पर आजाद हिंदू सेना और राष्ट्रीय सेवा संघ के कई पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर दर्ज हैं।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र इरशाद व उसकी पत्नी परवाना के गलत संगत में पड़ने के कारण उससे व उसकी पत्नी से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके किसी भी कृत्य या लेनदेन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**फहीम पत्नी स्व. इफ्तिकार अहमद**
**निवासी-वार्ड 13, मोहल्ला अगबाड़ा**
**कस्बा व थाना शीशगढ, तहसील**
**मीरगंज, जिला बरेली**

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या 10-टेण्डर/.मु.परि.प्र./नि/वाराणसी दिनाँक 11.05.2026 का पहला शुद्धिपत्र**

दिनांक 12.05.2026 को समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 10-टेण्डर/मु.परि.प्र./नि/वाराणसी दिनाँक 11.05.2026 के संबंधित तिथियों में प्रशासनिक आधार पर निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:-

| विवरण | पूर्व संशोधित तिथि | संशोधित |
| --- | --- | --- |
| रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि | 02.06.2026 | 12.06.2026 |
| ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 23.06.2026 समय 11:00 बजे तक | 03.07.2026 समय 11:00 बजे तक |
| क्लॉज संख्या 22.1 एवं 2.3 के अनुसार दस्तावेजों को भौतिक रूप से प्रस्तुत करने की तिथि | -- | 02.07.2026 तक |
| ई-निविदा खुलने की तिथि | 23.06.2026 समय 15:00 बजे के बाद | 03.07.2026 समय 15:00 बजे के बाद |

अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी। **संख्या: 10-टेण्डर/.मु.परि.प्र./नि/वाराणसी, दिनाँक 11.05.2026 का पहला शुद्धिपत्र दिनांक 30.05.2026**

1841/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण

## पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बस में सफर के दौरान एक मुलाकात ने युवती को प्रेम के ऐसे रिश्ते में बांध दिया, जिसका अंत थाने में दर्ज मुकदमे के रूप में हुआ। युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने तथा बाद में मुकर जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक मुरादाबाद जिले के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती साल 2023 में किसी काम से दिल्ली जा रही थी। उसी बस में डिडौली के गांव फत्तेहपुर जिवाई निवासी राजेश भी बैठा था। बस में दोनों की मुलाकात हुई तथा एक-दूसरे के मोबाइल नंबर बदल लिए। फिर काल पर बातचीत शुरू हो गई, मामला प्रेम प्रसंग तक पहुंच गया। दोनों की मुलाकात भी होने लगी। आरोप है कि राजेश ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना लिए। कई बार दिल्ली, अमरोहा, देहरादून, हरिद्वार साथ ले गया। युवती ने आरोप लगाया कि राजेश ने अश्लील वीडियो बना ली। अब उसने शादी से इनकार कर दिया है। साथ ही वीडियो वायरल करने की धमकी दी है। बताया जा रहा है कि वादे से मुकरने पर 15 दिन पहले युवती परिजनों के साथ राजेश के घर आई थी, जहां उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में राजेश व उसके ताऊ के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# शिक्षा को डिग्री नहीं, जीवन निर्माण का माध्यम बनाएं

## डीएम ने किया मेधावियों को सम्मानित, जिले के छह छात्र प्रदेश स्तर के लिए चयनित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डीएम नितिन गौड़ ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करना जीवन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन यह अंतिम लक्ष्य नहीं है। सफलता एक निरंतर चलने वाली यात्रा है और हमें अगले लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी प्रतिभा को निखारते रहना चाहिए।



विकास भवन में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 18 मेधावी छात्र-छात्राओं को 21-21 हजार रुपये के सांकेतिक चेक, प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं पुष्पमालाएं भेंट कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करना जीवन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन यह अंतिम लक्ष्य नहीं है। उन्होंने कहा कि सफलता एक निरंतर चलने वाली यात्रा है और विद्यार्थियों को अगले लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी प्रतिभा को निखारते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों के अपेक्षित अंक नहीं आए हैं, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। समारोह में यह भी बताया गया कि राज्य स्तर पर अमरोहा के छह मेधावी विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिन्हें लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा एक-एक लाख रुपये नकद, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। इनमें राणा सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज, खंडसाल कलां की वंशिका ने 96.50 प्रतिशत तथा छवि चौहान ने 96.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। वहीं संस्कृत शिक्षा बोर्ड में श्रीमद दयानंद कन्या गुरुकुल संस्कृत विद्यालय, छोटीपुरा की छात्राओं चंचला, संस्कृति, हिमानी और काम्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अमरोहा का नाम रोशन किया। समारोह के दौरान लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रेरणादायी संबोधन सुनाया गया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों के अभिभावकों और विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, ब्लॉक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो, देवेंद्र सिंह खड़गवंशी, डीआईओएस डॉ. प्रवेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### बिजली संकट पर सांसद ने अधिकारियों को लगाई फटकार



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। भीषण गर्मी, आंधी-तूफान और लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने बिजली विभाग के अधिकारियों के प्रति सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता से फोन पर वार्ता कर क्षेत्र में बढ़ती बिजली संबंधी शिकायतों पर नारा. जगी जताई और जल्द से जल्द व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि आंधी-तूफान के कारण ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे आम जनता और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्होंने लो-वोल्टेज और ओवरलोडिंग की समस्या को गंभीरता से लेते हुए फुंके ट्रांसफार्मरों को 24 घंटे के भीतर बदलने तथा जर्जर तारों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता ने सांसद को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को जल्द ही सुचारु कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# बिना अनुमति के व्यवसायिक निर्माण कराने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के मुहल्ला लक्ष्मीनगर का नागरिकों ने एक व्यक्ति पर बिना प्राधिकरण से बिना नक्शा पास कराये ही औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रयोग के लिए भवन निर्माण कराये जाने का मुद्दा उठाते हुए निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है, अन्यथा धरने की चेतावनी भी दी है। नागरिकों ने इस बाबत जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा है।

**नगर के मौहल्ला लक्ष्मीनगर का मामला**



नगर के मौहल्ला लक्ष्मीनगर के नागरिकों का आरोप है कि रईसुद्दीन और उसकी पत्नी भूरी मुहल्ले में ही बिना प्राधिकरण की अनुमति के व्यावसायिक प्रयोग के लिए भवन निर्माण करा रहे हैं, जबकि आसपास में लोगों के रिहाईशी मकान बने हुए है। यदि मौहल्ले में इनका व्यावसायिक निर्माण न रुकवाया गया तो नागरिकों को काफी नुकसान पहुंचेगा। नागरिकों ने सोमवार को इस सम्बन्ध में मंदिर परिसर में बैठक करके रोष व्यक्त किया जबकि बाद में अमरोहा जाकर जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा और समस्या के निदान की मांग की। इस मौके पर चौधरी महावीर सिंह, राहुल वर्मा, शरद कुमार, हर्ष वर्मा, शिवा अग्रवाल, अमित सागर, प्रदीप सैनी, मुनेश, कमलेश, मूलचदं शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मायके से भैंस न लाने पर पत्नी की पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**हसनपुर**। लालच और विवाद का एक अनोखा मामला सामने आया है, जहाँ एक पति ने अपनी पत्नी को सिर्फ इसलिए बेरहमी से पीट दिया क्योंकि वह अपने पिता के घर से भैंस लेकर नहीं आई थी। घटना की जानकारी मिलते ही मायके वाले बेटी के ससुराल पहुँच गये। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच घंटों तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। ससुराल पक्ष और मायके वालों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और देखते ही देखते हंगामा बढ़ गया। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग भी एकत्र हो गये। घंटों चली बहस और गहमागहमी के बाद, गाँव के गणमान्य व्यक्तियों और बुजुर्गों ने हस्तक्षेप किया। काफी देर तक चली पंचायत और मान-मनौव्वल के बाद, दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। पति ने भविष्य में मारपीट न करने का वादा किया। जिसके बाद मामला शांत हुआ। एक पशु के पीछे एक परिवार बिखरने की कगार पर पहुँच गया था। घटना सर्किल क्षेत्र के गांव की बताई जा रही है।

# जनता के बीच रहकर संगठन को करें मजबूत: भूपेन्द्र

## धनौरा में भूपेन्द्र चौधरी का जोरदार स्वागत, फूल-मालाओं व जयघोष से गूंजा शहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार मंडी धनौरा पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र चौधरी का होली पार्क पर भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया गया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर, जोरदार नारेबाजी और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनका अभिनंदन किया।



भूपेंद्र चौधरी के होली पार्क पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि भूपेंद्र चौधरी का व्यक्तित्व और नेतृत्व भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि संगठन और जनसेवा के प्रति उनकी निष्ठा ही उन्हें प्रदेश की राजनीति में एक मजबूत पहचान दिलाती है। वहीं कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की असली ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच रहकर संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान होली पार्क पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। पूरे स्वागत कार्यक्रम में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, सभासद दुलीचंद गिहार, राजू बादशाह, विवेक एडवोकेट, नामित सभासद प्रत्यक्ष शर्मा, ओमवीर एडवोकेट, गीतेश अग्रवाल, कैलाश गुर्जर, देवेश तंवर, सुनील प्रजापति, केशव कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नहर में डूबे छात्र का नहीं लगा सुराग

## परिजनों का रो रोकर बुरा हाल, तलाश जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात**। दोस्तों संग नहाते में राम गंगा पोषक नहर में डूबे किशोर का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग सका है। एसडीआरएफ की टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है। वहीं, परिजनों में कोहराम मचा है, बेटे के जिंदा होने की उनकी उम्मीद अब टूटती जा रही है।

गौरतलब है कि बिजनौर जिले के हल्दौर निवासी पेशे से ऑटो चालक इमरान की पत्नी जरीसा भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती स्थित भाई के घर आई हुई थी। साथ में 15 वर्षीय बेटा रेहान भी आया था जो रविवार को मोहल्ले के ही तीन लड़कों के साथ नहाने के लिए बीलना में राम गंगा पोषक नहर चला गया था। बताते हैं कि नहाते समय गहराई की तरफ जाने से वह पानी के तेज बहाव में बह गया था। शुरुआत में स्थानीय गोताखोरों ने उसे काफी तलाश किया था लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया था। वहीं, सोमवार सुबह पहुंची एसडीआरएफ टीम ने शाम तक नहर में सर्च ऑपरेशन चलाया लेकिन रेहान का कुछ पता नहीं चला। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि शाम होने के कारण सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया है। परिजन स्थानीय गोताखोरों से भी तलाश करा रहे हैं। किशोर का फिलहाल कुछ पता नहीं चल सका है।

## एक नजर

### युवक से मारपीट में चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के दानपुर गांव निवासी प्रीत कुमार ने चार लोगों पर गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित के अनुसार शनिवार देर रात वह बाइक से अपने घर जा रहे थे। जब वह जोया स्थित द आर्यांस स्कूल के पास पहुंचे तो रचिन सिद्धू, परमजीत, भोला उर्फ तरुण तथा मोनीस ने पुरानी रंजिश के चलते उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं कार्रवाई करते हुए पुलिस ने परमजीत और भोला उर्फ तरुण को हिरासत में लेकर शांति भंग की आशंका के तहत न्यायालय में पेश किया।

### हाइवे किनारे झुके पोल दे रहे हादसों का दावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। डिडौली क्षेत्र में पिछले सप्ताह आए तेज आंधी-तूफान का असर अब भी दिखाई दे रहा है। बुढ़नपुर गांव के पास नेशनल हाईवे किनारे गुजर रही 11 हजार वोल्ट विद्युत लाइन के कई लोहे के पोल सर्विस रोड की ओर झुक गए हैं। पोलों के झुकने से राहगीरों और वाहन चालकों में हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज हवाओं के कारण पोलों का संतुलन बिगड़ गया है। यदि समय रहते इन्हें सीधा नहीं कराया गया तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। हाईवे और सर्विस रोड पर दिनभर वाहनों की आवाजाही रहती है, जिससे खतरा और बढ़ गया है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पोलों की मरम्मत और उन्हें सुरक्षित कराने की मांग की है।

### 22 संविदा कर्मियों की मौत पर श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारियों ने लगातार बिजली कर्मियों की मौत पर दुख जताया जबकि संघ द्वारा कुछ दिन पूर्व लाइनमैन नितिन कुमार की छह माह की बेटी के नाम संगठन ने 72000 की एफडी पॉलिसी कराई। उपकेंद्र जतलालपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में 29 अप्रैल को विद्युत कार्य के दौरान मृत संविदा कर्मी जीतेन कुमार सहित हाल के दिनों में हादसों का शिकार हुए कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों की कमी और अकुशल श्रमिकों से जोखिमपूर्ण कार्य कराए जाने के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 37 दिनों में 22 संविदा कर्मचारियों की मौत हो चुकी है, जबकि 15 कर्मचारी जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष विपिन कुमार, सतपाल, मुकुल, योगेश, हेमराज, मनोज, मदन, सुरेंद्र, देवेंद्र, अंकुश, कमल, छोटे, प्रशांत, अमरपाल, राहुल, दिनेश समेत बड़ी संख्या में संविदा कर्मी और मृतक के परिजन मौजूद रहे।

### अमरोहा के ईओ बने दिनेश कुमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार का तबादला आजमगढ़ के लिए हो गया। जबकि मऊ के ईओ दिनेश कुमार की तैनाती इस पद पर हुई है। बताते चलें कि डा. ब्रजेश कुमार पिछले करीब पांच साल से नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के पद पर तैनात थे। बीती रात उनका तबादला जनपद आजमगढ़ के लिए हो गया। जबकि मऊ नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी के पद पर तैनात दिनेश कुमार यादव का तबादला अमरोहा के अधिशासी अधिकारी के पद पर हुआ है।

### दहेज उत्पीड़न में वांछित महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो रहरा**। आदमपुर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में फरार चल रही एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना आदमपुर पुलिस ने ग्राम बागड़पुर छोइया निवासी इन्द्रावती पत्नी राजेंद्र को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्ता के खिलाफ थाना आदमपुर में दहेज उत्पीड़न और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है। वह काफी समय से वांछित चल रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया।

# ई-रिक्शा की चपेट में आकर तीन वर्षीय मासूम की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ई-रिक्शा बैक करते समय पडोसी की 03 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गयी। वह गली में खेल रही थी। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गयी। बाद में दोनों पक्षों के बीच फैसला हो गया और पुलिस को सूचना नहीं दी गई।

**परिजनों ने जताया पुलिस का धन्यवाद**



नगर के मौहल्ला मायापुरी में चमन की तीन वर्षीय पुत्री शिवानी गली के बाहर खेल रही थी। इसी बीच पड़ोस का रहने वाला व्यक्ति ई-रिक्शा बैक करने लगा और पीछे खेल रही मासूम उसकी चपेट में आ गयी। हादसे में मासूम की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना से स्वजनों में चीत्कार मच गयी और मुहल्ले के लोग भी एकत्र हो गए। चूंकि ई-रिक्शा चालक भी मौहल्ले का ही था इसलिए दोनों पक्षों के बीच फैसला हो गया। इसलिए पुलिस को सूचना नहीं दी गई।

# कॉस्मेटिक दुकान में आग से लाखों का नुकसान

## सोलर पैनल से निकली चिंगारी से हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। सोलर पैनल के तारों में हुए शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते कॉस्मेटिक सामान से भरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों और अस्पताल के फायर सिस्टम की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गोदाम स्वामी ने करीब तीन लाख रुपये के नुकसान का दावा किया है।



डिडौली क्षेत्र के कस्बा जोया में स्थित सरकारी अस्पताल के पास मोहल्ला इकबालनगर प्रथम में मोहम्मद अकरम की कास्मेटिक का सामान बेचने की दुकान है। वह थोक कारोबारी हैं। ग्राउंड फ्लोर पर मकान के आगे दुकान है तथा पीछे परिवार रहता है। जबकि फर्स्ट फ्लोर पर गोदाम बना है। छत पर सोलर पैनल लगे हैं। सोमवार को लगभग 11:30 बजे सोलर पैनल के तारों में शार्ट सर्किट से आग लग गई जो देखते ही देखते गोदाम तक पहुंच गई। इसके बाद लपटों ने पूरे गोदाम को अपनी जद में ले लिया। आग लगने पर मोहम्मद अकरम परिवार को लेकर घर से बाहर निकल आए। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सरकारी अस्पताल के फायर सिस्टम से आग पर काबू पाया जा सका। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना मिलने के एक घंटा बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचा था। गोदाम स्वामी ने अग्निकांड में लगभग तीन लाख रुपये के नुकसान होना बताया है।

# वैश्विक नगरोदय व वन्दन योजना से होगा शहर में विकास

## नगर पालिका बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पारित, सभासदों ने राशन कार्ड कटने का मुद्दा जोरशोर से उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में सभासदों ने जोरशोर से राशन कार्ड कटने का मुद्दा उठाया। यह आरोप भी लगाया कि ऐसे ऐसे लोगों को कार्ड भी कट गए हैं जो वास्तव में पात्र हैं। इसलिए नगर पालिका को पहल करते हुए ऐसे पात्र लोगों को कार्ड जुड़वाने के लिए कार्य करना चाहिए। इसी के साथ ही मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना व वन्दन योजना से प्राप्त धनराशि से विकास कार्य कराने को लेकर भी प्रस्ताव पारित किए गए।

सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे से आयोजित बैठक में ईओ ललित कुमार आर्य ने गत बैठक की पुष्टि की। इसके बाद निकाय में पेयजल आपूर्ति हेतु एचडीपीई पाईप लाइन के विस्तारीकरण, वैश्विक नगरोदय योजना, वन्दन योजना, 100 हैण्डपम्प रिबोर, 100 पीसीसी पोल एवं एबीसी केबल, 02 पार्कों व तालाबों के सौन्दर्यीकरण, अधिशासी अधिकारी व अवर अभियन्ता के आवास निर्माण कार्य, निकाय की सीमा विस्तार किए जाने, कार्यालय भवन का पुर्निमाण कराए जाने, स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अर्न्तगत वॉल पेन्टिंग कराए जाने से संबधित प्रस्तावों पर चर्चा हुई और सभी प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हुए। सभासदों ने इन प्रस्तावों से अलग अपने अपने वार्ड में आवश्यक कार्यों को भी लिखकर दिया। वहीं सभासद सरताज अहमद उर्फ कलुवा, रौनकी, योगेश उर्फ जोन एवं रानी आदि ने राशन कार्डों को लेकर अपना विरोध प्रकट किया। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे ऐसे लोगों के राशन कार्ड काट दिए गए हैं जो कि वास्तव में पात्र हैं। जनप्रतिनिधि होने के नाते लोग उनसे शिकायत करते हैं। इसलिए नगर पालिका को पहल करते हुए राशन कार्ड की समस्या का निस्तारण कराने के लिए कार्य करना चाहिए। इसी के साथ ही सभासदों ने गृहकर का मुददा भी उठाया। चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा ने कहा कि नगर पालिका के सभी वार्डों में चहुंमुखी विकास कराने के लिए पूरा बोर्ड प्रयासरत है। प्राथमिकता के आधार पर नगर में विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस मौके पर अवर अभियंता तेजपाल सिंह, लेखाकार आदेश अग्रवाल, लिपिक ललित कुमार, अक्षय शुक्ला, रविन्द्र पाल आदि सहित सभासद सोनिका सिंह, उर्मिला, सुमन, अरकान आलम, अरविंद कुमार, चन्द्रपाल, योगेश चौहान, अरविन्द यादव, रानी, कपिल सिंह, विनीता अग्रवाल, विजेन्द्र पाल, नफीस अहमद, पुष्पा चौधरी, मनु शर्मा, अंशु, सौरभ वर्मा, ब्रजेश कुमार आदि मौजूद रहे।



